*संपादकीय*

# नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं

ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी सवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार भी इस गंगा में कूद पड़े हैं।

यह तथ्य पहले ही सामने आ गया था कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बिना पर्याप्त सबूत के, संभवतः जानबूझ कर, तिरुपति लड्डू विवाद उछाला। जिन प्रयोगशालाओं में लड्डू में इस्तेमाल हुए घी की जांच की गई थी, वहां के विशेषज्ञों ने कुछ सैंपलों में मिलावट का शक जरूर जताया था। मगर उन्होंने यह नहीं कहा था कि उसमें पशु चरबी की मिलावट है। यह पूरी कहानी चंद्रबाबू नायडू ने सियासी फायदे के लिए बनाई। चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री जगनमोहन रेड्डी ईसाई धर्मावलंबी हैं, इसलिए चंद्रबाबू को लगा होगा कि यह मामला उठा कर रेड्डी के राजनीतिक करियर को स्थायी रूप से खत्म किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां इस सच्चाई की पुष्टि हैं। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को सलाह दी है कि वे कम-से-कम ईश्वर को सियासत से दूर रखें। मौजूदा हकीकत के बीच इस सवैधानिक भावना का अनुपालन अति-आशावादी नजर आता है। यह दौर राजनीतिक मकसदों के लिए धर्म का बढ़-चढ़ कर दुरुपयोग करने का है। दरअसल, ऐसा करने की क्षमता सियासी कामयाबी का पैमाना बन गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने ये तथ्य दोहराया कि अब तक तिरुपति लड्डुओं में पशु चरबी की मिलावट का कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। लेकिन कोर्ट की इस टिप्पणी से चंद्रबाबू नायडू की पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। जैसेकि इस बारे में विशेषज्ञों की मीडिया में आई प्रतिक्रिया का उस पर कोई असर नहीं हुआ। वह अपने पास मौजूद कथित सबूत पर टिकी हुई है। ऐसा लगता है कि उन पार्टियों को भी, जो कभी सवैधानिक भावना के अनुरूप धर्मनिपरपेक्षता की बात करती थीं, हिंदुत्व की गंगा में तैरना अब अधिक फायदेमंद लगता है। अभी हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में अयोध्या स्थित मंदिर बनवाने में उनकी भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही सीतामढ़ी जिले में सीता के जन्मस्थल (जैसीकि मान्यता है) पर भव्य मंदिर बनवाने का इरादा जताया। विडंबना है कि जून में चुनाव नतीजा आने के बाद बहुत से लोगों ने चंद्रबाबू और नीतीश कुमार से ही नरेंद्र मोदी के एजेंडे पर लगाम लगाने की आस जोड़ी थी!

# सेंसेक्स ने 195 और निफ्टी ने 59 अंकों की बढ़त के साथ शुरू किया कारोबार, बड़ी बढ़त के साथ खुले ये शेयर




**मुंबई**

सोमवार को हफ्ते के पहले दिन भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुले। बीएसई सेंसेक्स 195.57 अंकों की बढ़त के साथ 81,576.93 अंकों पर खुला और निफ्टी 50 भी 59.20 अंकों की बढ़त के साथ 25,023.45 अंकों पर खुला। बताते चलें कि पिछले हफ्ते शुक्रवार को शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुए थे। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 230.05 अंकों की गिरावट के साथ 81,381.36 अंकों पर और निफ्टी 34.20 अंकों की गिरावट के साथ 24,964.25 अंकों पर बंद हुआ था।

**सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों ने हरे निशान में शुरू किया कारोबार**

आज कारोबार शुरू होने पर सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और 10 कंपनियों के शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह, निफ्टी 50 की 50 में से 39 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ और 10 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे जबकि 1 कंपनी का शेयर बिना किसी बदलाव के साथ कारोबार कर रहा था।

**बड़ी बढ़त के साथ खुले इन कंपनियों के शेयर**

सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल जेएसडब्लू स्टील ने आज सबसे ज्यादा 1.93 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार शुरू किया। इसके अलावा, लार्सन एंड टुब्रो ने 1.51 प्रतिशत, टाटा स्टील ने 1.43 प्रतिशत, इंफोसिस ने 0.84 प्रतिशत, टेक महिंद्रा ने 0.82 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक ने 0.78 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार शुरू किया। इनके साथ ही एचसीएल टेक, अडाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, सीटीएस, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी हरे निशान में खुले।

**इन शेयरों ने लाल निशान में शुरू किया कारोबार**

वहीं दूसरी ओर, आज महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुले। अल्ट्राटेक सीमेंट 0.28 प्रतिशत, भारती एयरटेल 0.23 प्रतिशत, सनफार्मा 0.16 प्रतिशत, पावरग्रिड 0.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.14 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 0.14 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 0.10 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 0.09 प्रतिशत और टाइटन के शेयर 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ खुले।

# टीवीएस मोटर ने ईकोफाई के साथ की डील, भारत में इलेक्ट्रिक 3-व्हीलर्स के लिए ऑफर करेंगे लोन

**मुंबई**




गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी इकोफाई ने तिपहिया वाहनों के लिए कर्ज उपलब्ध कराने के लिए टीवीएस मोटर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य देश में इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को अपनाने में तेजी लाना और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देना है। एवरसोर्स कैपिटल समर्थित इकोफाई हरित क्षेत्र के लिए वित्त पोषण उपलब्ध करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है।

**क्लीन एनर्जी को बढ़ावा**

टीवीएस मोटर कंपनी दोपहिया और तिपहिया वाहन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। इस बारे में इकोफाई के सह-संस्थापक, प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजश्री नाम्बियार ने बयान में कहा, टीवीएस मोटर कंपनी के साथ यह साझेदारी स्वच्छ ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। टीवीएस मोटर के मजबूत वितरण और नेटवर्क के साथ हम यात्री और कार्गो इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों दोनों के लिए व्यापक वित्त पोषण समाधान पेश कर सकेंगे।''

**मजबूत ग्रोथ की उम्मीद**

उन्होंने कहा कि हमें चालू वित्त वर्ष में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है, जो हमारी विस्तार यात्रा में एक मील का पत्थर होगा। टीवीएस मोटर कंपनी के वाणिज्यिक वाहन के कारोबार प्रमुख रजत गुप्ता ने कहा, इकोफाई के साथ सहयोग करने से हमें अपनी विनिर्माण विशेषज्ञता को उनकी अभिनव वित्तीय सेवाओं के साथ जोडऩे का मौका मिलेगा। यह पर्यावरण अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

## इस बड़ी आईटी कंपनी के शेयरधारकों के लिए अच्छी खबर, दिवाली से पहले कंपनी देगी बोनस शेयर

**मुंबई ।** आईटी कंपनी विप्रो के शेयरधारकों के लिए अच्छी खबर है। कंपनी अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर जारी करेगी। आईटी कंपनी विप्रो की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, उसके निदेशक मंडल की 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगी। विप्रो 17 अक्टूबर, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी का निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा।

**13 बार बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी-** विप्रो निफ्टी में शामिल कंपनियों में अपने शेयरधारकों को सबसे अधिक बोनस शेयर जारी किए हैं। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को 13 बार बोनस शेयर जारी किए हैं। विप्रो ने 1971, 1981, 1985, 1987, 1989, 1992, 1995, 1997, 2004, 2005, 2010, 2017 और 2019 में शेयरधारकों को बोनस जारी किया है।

# केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस का ऐलान, 30 दिनों के पारिश्रमिक के बराबर मिलेगा बोनस

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए दिवाली बोनस का ऐलान कर दिया है। आपको बता दें कि वित्त मंत्रालय के डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेङ्क्षडचर ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नॉन प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस देने का ऐलान किया है। इसके तहत केंद्रीय कर्मचारियों के 30 दिनों के पारिश्रमिक के बराबर यह बोनस मिलेगा। आदेश में कहा गया है कि पात्र कर्मचारियों में समूह 'सी' और समूह 'बी' के गैर-राजपत्रित कर्मचारी शामिल हैं, जो किसी भी उत्पादकता से जुड़े बोनस योजना का हिस्सा नहीं हैं। बोनस की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले अधिकतम मासिक वेतन 7,000 रुपये निर्धारित की गई है।

**इनको भी मिलेगा बोनस का लाभ -** यह बोनस केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और सशस्त्र बलों के कर्मियों के साथ-साथ केंद्र सरकार के वेतन ढांचे का पालन करने वाले केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मचारियों पर भी लागू होगा। बोनस के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए, कर्मचारियों को 31 मार्च, 2024 तक सेवा में होना चाहिए और वर्ष के दौरान कम से कम छह महीने की निरंतर सेवा पूरी करनी चाहिए। जिन कर्मचारियों ने पूरे एक साल से कम समय तक सेवा की है, उन्हें काम किए गए महीनों की संख्या के आधार पर आनुपातिक बोनस मिलेगा।

**कैसे होती है बोनस राशि की गणना -** बोनस राशि की गणना औसत परिलब्धियों को 30.4 से विभाजित करके, फिर उसे 30 दिनों से गुणा करके की जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी कर्मचारी का मासिक वेतन 7,000 रुपये है, तो उनका बोनस लगभग 6,908 रुपये होगा। लगातार तीन वर्षों तक एक वर्ष में कम से कम 240 दिन काम करने वाले आकस्मिक मजदूर भी इस बोनस के लिए पात्र होंगे, जिसकी गणना 1,200 रुपये प्रति माह के आधार पर की जाएगी।

# रणजी ट्रॉफी: अभिमन्यु ईश्वरन ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जड़ा लगातार चौथा शतक

**नईदिल्ली**

रणजी ट्रॉफी में बंगाल क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम के खिलाफ शानदार शतकीय पारी खेली है।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका यह लगातार चौथा शतक है। इससे पहले उन्होंने दलीप ट्रॉफी के दूसरे और तीसरे मैच में शतक लगाया था। उनके बल्ले से इरानी कप में भी शतक आया था।उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर का यह 27वां शतक है। ऐसे में आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

मुकाबले में बंगाल ने पूरी तरह से अपनी पकड़ मजबूत बना ली है। पहली पारी में उसने 311 रन बनाए थे। जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम 292 रन पर ऑलआउट हो गई थी।दूसरी पारी में ईश्वरन और उनके साथी जोड़ीदार सुदीप चटर्जी ने पहले विकेट के लिए 302 गेंदों में 212 रन की साझेदारी निभाई।पहली पारी में शतक लगाने वाले सुदीप 93 रन पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद ईश्वरन ने अपना शतक पूरा किया।



ईश्वरन घरेलू क्रिकेट में लगातार रन बनाते आ रहे हैं। उनके बल्ले से 99 मैचों की 169 पारियों में लगभग 50 की औसत से 7,500 से ज्यादा रन निकले हैं।उन्होंने 27 शतक और 30 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 233 रन रहा है।इरानी कप में उन्होंने मुंबई क्रिकेट टीम के खिलाफ 191 रनों की पारी खेली थी। दलीप ट्रॉफी के लगातार 2 मुकाबलों में उन्होंने 116 और 157* रन बनाए थे।

लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने 88 मैच खेले हैं और इसकी 86 पारियों में 5 बार नाबाद रहते हुए 3,847 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 9 शतक और 23 अर्धशतक निकले हैं। उनकी औसत 47.49 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 149 रन रहा है।टी-20 क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने 34 मैच में 37.53 की औसत से 976 रन बनाए हैं।ईश्वरन को कई बार भारतीय क्रिकेट टीम में चुना गया है, लेकिन वह डेब्यू नहीं कर पाए हैं।

कई मीडिया रिपोर्ट्स ने यह दावा किया है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले या दूसरे मैच में रोहित शर्मा बेहद अहम निजी वजहों के कारण नहीं खेल पाएंगे।ऐसे में ईश्वरन को बैकअप सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम का हिस्सा बनाया जा सकता है।

## हवाई जहाज से यात्रा करने वालों के लिए इस बार दीपावली के आसपास कई रूट्स पर 25 प्रतिशत तक सस्ते हैं टिकट्स

**मुंबई**



हवाई जहाज से यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। दीपावली के आसपास कई घरेलू रूट्स पर औसत हवाई किराये में पिछले साल की तुलना में 20-25 प्रतिशत की कमी आई है। एक विश्लेषण में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक बढ़ी हुई क्षमता और तेल की कीमतों में हाल में आई गिरावट के चलते कीमतों में कमी आई है। ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो के विश्लेषण से पता चला कि घरेलू रूट्स पर औसत हवाई किराए में 20 से 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। ये कीमतें 30 दिनों की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर एक तरफ के औसत किराए के लिए है।

बेंगलुरू-कोलकाता फ्लाइट किराया 38प्रतिशत घटा

इस साल बेंगलुरू-कोलकाता फ्लाइट के लिए औसत हवाई किराया 38 प्रतिशत घटकर 6,319 रुपये रह गया है, जो पिछले साल 10,195 रुपये था। चेन्नई-कोलकाता रूट पर टिकट की कीमत 8,725 रुपये से 36 प्रतिशत घटकर 5,604 रुपये रह गई है। मुंबई-दिल्ली फ्लाइट के लिए औसत हवाई किराया 8,788 रुपये से 34 प्रतिशत घटकर 5,762 रुपये रह गया है। इसी तरह, दिल्ली-उदयपुर रूट पर टिकट की कीमतों में 34 प्रतिशत की कमी आई है और यह 11,296 रुपये से घटकर 7,469 रुपये रह गई है।

इन रूट्स पर भी घटा किराया

दिल्ली-कोलकाता, हैदराबाद-दिल्ली और दिल्ली-श्रीनगर रूट्स पर यह गिरावट 32 प्रतिशत है। इक्सिगो समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आलोक बाजपेयी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पिछले साल दिवाली के आसपास हवाई किराए में सीमित क्षमता के कारण उछाल आया था, जिसका मुख्य कारण गो फर्स्ट एयरलाइन का निलंबन था। उन्होंने बताया इस साल अतिरिक्त क्षमता जोड़ी गई है, जिससे अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रमुख मार्गों पर औसत हवाई किराए में 20-25 प्रतिशत की सालाना आधार पर गिरावट आई है।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी विशेष कार्य के प्रति चल रहे प्रयासों के आज बेहतर परिणाम मिलेंगे। लेकिन अपने उसूलों के साथ आप किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे।

***वृष:*** आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

***मिथुन :*** आज का दिन उत्तम बना रहेगा। अपने करियर को लेकर आप थोड़ा उलझन में होंगे। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे।

***कर्क:*** आज का दिन परिवार वालों के साथ बितेगा। आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। अपने कामों को बहुत सावधानी और कुशलता से करेंगे।

***सिंह:*** आज का दिन सफलता मिलने वाला है। इंजीनियरिंग करने वाले छात्रों के लिए आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज दिखावे की प्रवृत्ति की वजह से बेवजह के कामों में खर्च हो सकता है, अपने बजट को नजरअंदाज ना करें, वरना मुश्किल में पड़ जाएंगे।

***कन्या :*** आज का दिन अच्छा रहेगा। आपको बिजनेस में कोई बड़ी डील मिल सकती है। इससे आपको धनलाभ हो सकता है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है।

***तुला:*** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सुचना मिलने से मन खुश रहेगा।

***वृश्चिक:*** आज का दिन दोस्तों के साथ बितेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है।

***मकर:*** आज आपका दिन बढिय़ा रहेगा। आज किसी काम में जीवनसाथी और परिवार जनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप भी अपनी व्यस्ततम दिनचर्या में से घर परिवार के लिए समय जरूर निकालेंगे।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा। आपके निर्णय को विशेष प्राथमिकता भी मिल सकती है।

***मीन:*** आज का दिन स्टूडेंट के लिए अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है।

# आलिया भट्ट की जिगरा की बढ़ी कमाई

आलिया भट्ट एक बार फिर अपनी दमदार एक्टिंग के साथ पर्दे पर लौट आई हैं. वेदांग रैना के साथ उनकी फिल्म जिगरा 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक ओपनिंग की थी. वहीं दूसरे दिन अब जिगरा के कलेक्शन में इजाफा होता दिखाई दिया है. विक्की विद्या का वो वाला वीडियो और वेट्टैयन के साथ क्लैश के बावजूद फिल्म ने दो दिन में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है.

सैकनिल्क की मानें तो जिगरा ने पहले दिन 4.55 करोड़ के कलेक्शन के साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था. दूसरे दिन फिल्म की रफ्तार थोड़ी बढ़ी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 6.50 करोड़ की दमदार कमाई कर ली. ऐसे में भारत में जिगरा ने अब दो दिन में कुल 11.05 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है.



जिगरा का सामना बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से हुआ था. जिगरा का कलेक्शन फिलहाल राजकुमार राव की फिल्म से कम है. जहां जिगरा ने दो दिन में 11.05 करोड़ रुपए कमाए हैं तो वहीं विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के दो दिन का कलेक्शन 12 करोड़ रुपए है. इसके अलावा साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन भी 10 अक्टूबर से सिनेमाघरों में है. ये फिल्म ताबड़तोड़ कलेक्शन कर रही है और सिर्फ शनिवार को ही इसने 26.1 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था.

## शहनाज गिल ने "सजना वे सजना" गाने पर किया जमकर डांस



अभिनेत्री शहनाज गिल इन दिनों 'सजना वे सजना' गाने पर थिरकती हुई नजर आ रही हैं। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में शहनाज का छोटा सा कैमियो है।

शहनाज ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। जिसमें वह अपने कोरियोग्राफर शाजिया सामजी और पीयूष भगत के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री इस गाने का हुकस्टेप करती नजर आ रही हैं, जो मूल रूप से करीना कपूर खान और राहुल बोस अभिनीत 2003 की फिल्म "चमेली" का है।

उन्होंने कैप्शन में लिखा, "ले तेरी होगी यार, सजना वे सजना।" इस गाने के नए वर्जन में शहनाज और राजकुमार राव हैं। इसे सुनिधि चौहान और दिव्या कुमार ने गाया है। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में तृप्ति डिमरी, मल्लिका शेरावत, राकेश बेदी और विजय राज भी हैं। फिल्म एक ऐसे जोड़े की कहानी है जो अपनी पहली रात को यादगार के तौर पर फिल्माने का फैसला करते हैं।

## राम चरण-कियारा आडवाणी की 'गेम चेंजर' क्रिसमस पर नहीं होगी रिलीज

राम चरण और कियारा आडवाणी अभिनीत गेम चेंजर अब क्रिसमस पर रिलीज नहीं होगी. फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है. फिल्म की नई रिलीज डेट का अनाउंसमेंट ऑफिशियल तौर पर किया गया है. फिल्म निर्माता दिल राजू ने दशहरा के अवसर पर एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें बताया गया कि गेम चेंजर अब कब रिलीज होगी. तो आइए जानते हैं फिल्म की नई रिलीज डेट.

राम चरण और कियारा आडवाणी स्टारर गेम चेंजर पहले क्रिसमस के मौके पर 2024 में रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज डेट को पोस्टपोन करते हुए इसे संक्रांति 2025 में रिलीज किया जा रहा है. हाल ही में फिल्म निर्माता दिल राजू ने एक वीडियो शेयर किया जिसमें ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई. दरअसल भारत और विदेश में डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित कारणों की वजह से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई है. इसीलिए मेकर्स ने तय किया कि संक्रांति का टाइम सही रहेगा.

इसके अलावा मेकर्स ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि गेम चेंजर का पोस्ट प्रोडक्शन का काम इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा. वहीं मेकर्स ने एक और खूशखबरी दी कि दिसंबर के आसपास ही फिल्म का टीजर भी रिलीज किया जाएगा. राम चरण अभिनीत आगामी फिल्म गेम चेंजर, शंकर द्वारा निर्देशित है और कार्तिक सुब्बाराज की कहानी पर आधारित है. इस राजनीतिक ड्रामा में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं जो अपने आसपास की भ्रष्ट राजनीतिक व्यवस्था को साफ करने के लिए काम करते हैं. राम के अलावा, इस पॉलीटिकल ड्रामा फिल्म में कियारा आडवाणी, एसजे सूर्या, अंजलि, जयराम, श्रीकांत, सुभलेखा सुधाकर, सुनील, नासर और कई अन्य कलाकार खास रोल में हैं.



वर्कफ्रंट की बात करें तो राम चरण निर्देशक बुची बाबू सना के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिसे अस्थायी रूप से आरसी 16 नाम दिया गया है.


## शब्द सामर्थ्य- 207

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206का हल**



## सू-दोकू- 207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |